INDIAN SCHOOL NIZWA - WORKSHEET

HINDI

तुम कब जाओगे अतिथि

Name: _____ Date:_____ Class: IX Sec: ___

	निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर विकल्प से चुनिए -
1	तीसरे दिन की सुबह अतिथि ने लेखक से क्या कहा? (क) धोबी को कपड़े देने के लिए (ख) शॉपिंग करवाने के लिए (ग) सिनेमा दिखाने के लिए (घ) इनमें से कोई नहीं
2	लेखक से अतरंग निजी संबंध किसने स्थापित किया? (क) लेखक के दूर के दोस्त ने (ख) अतिथि ने (ग) लेखक के बचपन के दोस्त ने (घ) लेखिका के मामा के लड़के ने
3	लेखक ने राक्षस किसको बोला? (क) अपनी पत्नी को (ख) बच्चों को (ग) पड़ोसी को (घ) अतिथि को
4	लेखक की सहनशक्ति किस दिन जवाब देने वाली थी? (क) दूसरे (ख) पाँचवे (ग) तीसरे (घ) चौथे
5	लेखक किससे परेशान है? (क) अपनी पत्नी से (ख) अतिथि से (ग) महँगाई से (घ) गर्मी से
6	लेखक की पत्नी ने अतिथि के सत्कार के लिए डिनर में अतिरिक्त क्या बनाया? (क) मीठा (ख) चिकन (ग) खीर (घ) मैगी
7	किसकी आँखें बड़ी होने से लेखक का दिल छोटा होने लगा? (क) अतिथि की (ख) लेखक के दोस्त की (ग) लेखक की पत्नी की (घ) लेखक के बच्चों की
8	लेखक अतिथि को रात्रि में क्या दिखाया? (क) नाटक (ख) सिनेमा (ग) नौटंकी (घ) रामलीला

9	अतिथि किसके सामने सिगरेट पी रहा था? (क) लेखक के सामने (ख) लेखक की पत्नी के सामने (ग) लेखक के बच्चों के सामने (घ) कैलेंडर के सामने
10	लेखक के घर में अतिथि को कितने दिन हो गए थे? (क) दो (ख) चार (ग) पाँच (घ) तीन
11	किसके सामीप्य की बेला एकाएक रबड़ की तरह खींच रही थी? (क) अतिथि की (ख) लेखक की (ग) लेखक की पत्नी की (घ) लेखक के बच्चों की
12	किसके आने से हृदय किसी अज्ञात आशंका से धड़क उठा था? (क) लेखक की पत्नी की माँ के (ख) अतिथि के (ग) लेखक के ममेरे भाई के (घ) लेखक के दोस्तों के
13	कौन लेखक की काफ़ी मिट्टी खोद चुका है? (क) लेखक की पत्नी की माँ ने (ख) लेखक के दोस्तों ने (ग) लेखक के ममेरे भाई ने (घ) अतिथि ने
14	लेखक अंत में दुखी हो कर अतिथि से क्या कहता है? (क) और कितना परेशान करोगे ? (ख) कब तक ठहरोगे? (ग) कितनी बात करोगे ? (घ) उफ, तुम कब जाओगे, अतिथि?
15	लेखक अतिथि से क्या चाहता है? (क) वह लेखक के ही घर में रहे (ख) एक-दो दिन और रुके (ग) वह जल्दी चला जाए (घ) इनमें से कोई नहीं
16	कौन सा आघात अप्रत्याशित था? (क) जब अतिथि ने शॉपिंग करने के लिए कहा (ख) जब अतिथि ने कपड़े लॉन्ड्री में देने के लिए कहा (ग) जब अतिथि ने फाइव स्टार होटल में खाना खाने के लिए कहा (घ) जब अतिथि सिनेमा ने दिखाने के लिए कहा
17	लेखक कितने दिनों से अतिथि को कलैंडर दिखाकर तारीखें बदल रहा है? (क) दो (ख) चार (ग) तीन (घ) एक

18	लेखक के सत्कार का आखिरी छोर क्या था? (क) शॉपिंग कराना (ख) 5 स्टार होटल में डिनर करवाना (ग) सिनेमा दिखाना (घ) इनमें से कोई नहीं
19	लेखक को अतिथि से क्या उम्मीद थी? (क) वह कुछ काम करेगा (ख) वह लेखक की मदद करेगा (ग) वह अगले ही दिन चला जाएगा (घ) इनमें से कोई नहीं
20	दोपहर के भोजन को किसकी गरिमा मिली? (क) लंच (ख) डिनर (ग) मील (घ) इनमें से कोई नहीं
21	लॉण्ड्री में कपड़े देने की बात सुनकर लेखक की पत्नी को क्या लगा? (क) अब अतिथि चला जाएगा (ख) खर्च बढ़ेगा (ग) समय लगेगा (घ) अतिथि और कुछ दिन ठहरेगा
22	किसने लेखक की आर्थिक सीमाओं की बैंजनी चट्टान देख ली? (क) लेखक की पत्नी की माँ ने (ख) लेखक के दोस्तों ने (ग) लेखक के ममेरे भाई ने (घ) अतिथि ने
23	लेखक की पत्नी अतिथि के सत्कार से दुखी होकर क्या बनाने को कहती है? (क) खिचड़ी (ख) पुलाव (ग) आलू (घ) खीर
24	लेखक की पत्नी की आखें बड़ी क्यों हो गई? (क) लेखक के घायल हो जाने से (ख) अतिथि के और दिन तक रुकने का सोचकर (ग) बच्चे की शरारत से गुस्सा होकर (घ) इनमें से कोई नहीं
25	लेखक के अनुसार अतिथि के समय पर लौट जाने पर अतिथि का क्या सुरक्षित रहता है? (क) सामान (ख) इज़्जत (ग) देवत्व (घ) मान
26	भावनाएँ किसका रूप ले रही? (क) नफ़रत का (ख) दुख का (ग) गाली का (घ) बोरियत में

27	अतिथि कितने दिन तक लेखक के घर में रुका? (क) 1 (ख) 2 (ग) 3 (घ) 4
28	सौहार्द किसमे बदल गया? (क) नफ़रत में (ख) जलन में (ग) दुख में (घ) बोरियत में
29	लेखक के साथ किसके संबंध संक्रमण के दौर से गुज़र रहे थे? (क) पत्नी के (ख) अतिथि के (ग) पड़ोसी के (घ) बच्चों के
30	किसको देखकर लेखक की मुस्कुराहट फूट पड़ती थी? (क) अतिथि को (ख) अपनी पत्नी को (ग) अपने बच्चों को (घ) इनमें से कोई नहीं

समाप्त